72 वां गणतंत्र दिवस समारोह

वन उत्पादकता संस्थान ,रांची में 72वे गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्थान के निदेशक महोदय के द्वारा पूर्वाहन 9.00 बजे संस्थान के प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी केंद्रों (Environmental Research Station Sukna, Forest Research & Extension Centre, Patna, Forest Research Center, Mandar, N. B. Farm, Chandwa) में प्रभारी अधिकारियों द्वारा भी गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया एवं राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

संस्थान के निदेशक महोदय ने अपने उद्बोधन में देश की आजादी,भारत वर्ष के संविधान एवं देश की वर्तमान में उन्नति विकास पर भी प्रकाश डाला । इस अवसर पर संविधान के दोनों पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि सामान्यत: हम लोग अधिकारों की आशा ज्यादा करते हैं परन्तु कर्तव्य के लिए जागरुक नही होते ।हम सभी को अपने आप में जागरुक होकर संविधान के दोनो पहलुओं; अधिकार एव कर्तव्य का पालन करना चाहिए तभी भारत वर्ष की संविधान के प्रावधानों का सच्चे अर्थो में अनुपालन होगा। इस अवसर पर संविधान के रचयिता डा. भीम राव अम्बेडकर जी को भी याद कर नमन किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक महोदय ने शहीदों , सैनिकों, भारत के चारो दिशाओं मे डटे रक्षक सैनिकों तथा इस वैश्विक महामारी COVID-19 के सेवारत डाक्टर, वैज्ञानिक, नर्सों, वोलेंटियर्स, आदि को नमन किया तथा संबोधन में बताया की अपनी जान की परवाह किये बिना ही हमारे जीवन की रक्षा में दिन-रात सेवारत रहे हैं।

भारतीय वैज्ञानिको की सराहना करते हुए बताया कि समय में हीं अपने देश का COVID-19 वैक्सीन तैयार कर विश्व में एक मिशाल कायम किया-इस उपलब्धि के लिये भी हम उन्हे नमन करते है। संस्थान के निदेशक महोदय नें अपने संस्थान के वैज्ञानिको , तकनीकी अधिकारियों तथा कर्मचारियों एव

भारतीय वानिकी अनुसंधान एव शिक्षा परिषद देहरादून के तहत अन्य संस्थनो द्वारा कार्य में जो विकास किया है ,इसकी भी सराहना की। संस्थान के सभी वैज्ञानिको, तकनीकी अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सराहना की कि आपके कार्य समर्पण से ही हम आज भारतीय वानिकी अनुसंधान एव शिक्षा परिषद देहरादून के अंतर्गत दूसरे पायदान पर हैं।

संस्थान के निदेशक ने यह भी चर्चा की कि वर्तमान में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद एक कुशल नेतृत्व के कारण अपनी उचाईयों पर है परंतु संस्थान स्तर पर वानिकी शोध में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है और हमे आगे की ओर निरंतर बढ़ना है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। भारतीय वानिकी अनुसंधान एव शिक्षा परिषद देहरादून के निर्धारित मानकों के अनुसार वर्ष 2020 के लिए श्री सच्चिदा नन्द वैद्य, मुख्य तकनीकी अधिकरी ,वन उत्पादकता संस्थान, रांची को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए (ICFRE Outstanding Employee Award- 2020) एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर संस्थान के निदेशक महोदय के द्वारा सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम का कुशल संचालन एव समापन संस्थान के श्री करम सिंह मुंडा द्वारा किया गया।

गणतंत्रता दिवस समारोह की झलकियां

(वन उत्पदकता संस्थान,रांची)

गणतंत्रता दिवस समारोह की झलकियां

(वन उत्पदकता संस्थान,रांची)

गणतंत्रता दिवस समारोह की झलकियां

(वन उत्पदकता संस्थान,रांची)

गणतंत्रता दिवस समारोह की झलकियां

(पर्यावरण अनुसंधान केंद्र, सुकना एवं वन अनुसंधान एवं विस्तार केंद्र, पटना)

गणतंत्रता दिवस समारोह की झलकियां

(लाह वीज फार्म चंदवा एवं वन अनुसंधान केंद्र मांडर)